उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

संख्याः– 48/16/डी0आर0(मा0/प्रा0)/सेवा–2/2022–23 दिनांकः 26 अप्रैल, 2024

विज्ञप्ति

एतद्‌द्वारा सूचित किया जाता है कि विभिन्न विभागों के अन्तर्गत मानचित्रकार/मानचित्रक/प्रारूपकार परीक्षा–2023 के लिए प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 29 मई, 2023 एवं शुद्धिपत्र दिनांक 23 जून, 2023 के सापेक्ष दिनांक 21.12.2023 को निर्गत अभिलेख सत्यापन सूची के क्रम में कार्यालय ज्ञाप सं0–298 दिनांक 22 दिसम्बर, 2023 के अनुसार अभिलेख सत्यापन सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन दिनांक 02 एवं 03 जनवरी, 2024 किया गया। अभ्यर्थियों के अभिलेखों की सन्निरीक्षा के क्रम में प्रत्यावेदन निस्तारण/अनर्ह सूची एवं अभ्यर्थन निरस्त सूची को आयोग की बेवसाइट psc.uk.gov.in पर प्रसारित की गयी है। प्रत्यावेदन निस्तारण/अनर्ह सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से साक्ष्यों सहित **दिनांक 03 मई, 2024 तक** तक प्रत्यावेदन आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। अंतिम **तिथि 03 मई, 2024** के पश्चात् अभ्यर्थियों से इस विषय में प्राप्त किसी भी अभिलेख/प्रमाण–पत्र/प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।